# प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा में डिप्लोमा (DECE) के परियोजना कार्य (प्रोजेक्ट वर्क) के लिए अतिरिक्त निर्देश (Additional Guidelines)

अंग्रेज़ी पृष्ठ 1-8 हिंदी पृष्ठ 09 से 18

ये मार्गदर्शी-निर्देश उन विद्यार्थियों के लिए हैं :

- जनवरी 2025 व जुलाई 2025 प्रवेश चक्रों के नामांकित शिक्षार्थी।
- जिनका परियोजना कार्य (प्रोजेक्ट वर्क) संतोषजनक *नहीं* पाया गया है और उन्हें प्रोजेक्ट वर्क को ***पुनः करके*** उसे ***पुनः जमा*** कराने के लिए कहा गया है (Resubmission Cases)।

यह डाक्यूमेंट, जो आप पढ़ रहे हैं यह केवल प्रोजेक्ट वर्क के संबंधी कुछ बदलाव के बारे में है।

प्रोजेक्ट वर्क-संबंधी विस्तृत ब्यौरे, परियोजना कार्य की नियमावली (DECE-4 की प्रोजेक्ट मैनुअल) में दिए गए हैं, जो आपको अपनी पाठ्यक्रम सामग्री के साथ मिली होगी। यदि आपको पाठ्यक्रम सामग्री प्राप्त नहीं हुई है तो आप निम्नलिखित लिंक का प्रयोग करके ई-ज्ञानकोष से सारी पाठ्यक्रम सामग्री डाउनलोड कर सकते हैं : http://egyankosh.ac.in/handle/123456789/30830

**प्रोजेक्ट वर्क शुरू करने से पहले प्रोजेक्ट मैनुअल को अवष्य पढ़ लें, तभी आप इस डाक्यूमेंट में दिए गए संषोधित मार्गदर्शी निदेषों को समझ पाएंगे।**

## प्रोजेक्ट वर्क संबंधी महत्त्वपूर्ण मूलभूत जानकारी

प्रोजेक्ट वर्क DECE कार्यक्रम का चौथा पाठ्यक्रम है और इसका पाठ्यक्रम कोड DECE-4 है। पहले तीन पाठ्यक्रमों (DECE-1,2,3) में आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम के साथ दी गई प्रयोगात्मक कार्यों की नियमावली में दिए गए कुछ अभ्यासों को करना है, जो कि उस पाठ्यक्रम के सत्रीय कार्य का हिस्सा है। ***याद रखें कि प्रयोगात्मक अभ्यास और परियोजना कार्य (प्रोजेक्ट वर्क) दोनों भिन्न हैं।*** प्रोजेक्ट वर्क के लिए आपको 'गाइड' की देखरेख (supervision) में 3–6 आयु वर्ग के बच्चों के साथ शालापूर्व केंद्र, /नर्सरी स्कूल / प्री-प्राइमरी/ स्कूल / आंगनबाडी में खेल आधारित क्रियाएँ आयोजित करनी हैं। **यदि आप आंगनबाडी मे प्रोजेक्ट वर्क करते हैं तो यह सुनिश्चित करें कि आंगनबाडी अच्छी तरह कार्य कर रही है और प्रतिदिन 2 घंटे से 3 घंटे तक के लिए आंगनबाडी में प्रीस्कूल कार्यकम चलाया जाता है।**

क) सबसे पहले पाठ्यक्रम-1 *'बाल देखभाल सेवाओं का संगठन'* (DECE-1) को अच्छी तरह पूरा पढ़ें। इससे आपको बच्चों के विकास और खेल आधारित पाठ्यचर्या की योजना द्वारा बच्चों के विकास को कैसे बढ़ावा दिया जा सकता है– यह समझने में मदद करेगा। इसी के बाद आप इस प्रोजेक्ट वर्क को कर पाने के लिए पूरी तरह तैयार होंगे।

ख) अगला कदम है प्रोजेक्ट मैनुअल पूरी तरह से पढ़ना। प्रोजेक्ट मैनुअल का कोड है DECE-4 और इसका शीर्षक है *"परियोजना कार्य : बाल देखभाल केंद्र में छोटे बच्चों के साथ काम करना"*। इस मैनुअल में विस्तार में वर्णन किया गया है कि प्रोजेक्ट वर्क के 30 दिनों में आपको शालापूर्व बच्चों के साथ क्रियाएँ कैसे आयोजित करनी हैं।

ग) तीसरा कदम इन अतिरिक्त मार्गदर्शी निदेशो (Additional Guidelines) को पढ़ना है। ये अतिरिक्त मार्गदर्शी निदेशो प्रोजेक्ट मैनुअल में दी गई जानकारी पर आधारित हैं। इस डाक्यूमेंट में दिए गए मार्गदर्शी निर्देषों को आप *केवल और केवल* प्रोजेक्ट मैनुअल को पढ़ने के बाद ही समझ पाएँगे अतः, कार्य प्रारंभ करने से पहले मैनुअल को अवष्य पढ़ लें। इन दिशानिर्देशों में संशोधित अनुलग्नक भी शामिल हैं जिनका उपयोग आपको प्रोजेक्ट फाइल जमा कराते समय करना होगा।

घ) चौथा कदम है प्रोजेक्ट वर्क के लिए गाइड की पहचान करना। आप जब भी परियोजना कार्य प्रारंभ करें, उसके पहले गाइड की पहचान करना अनिवार्य है। आपको प्रतिदिन अपने गाइड के साथ बातचीत और अंतःक्रिया करनी होगी। इन अतिरिक्त मार्गदर्शी निदेशों के अनुसार आप जो भी प्रोजेक्ट वर्क का कार्य कर रहे हैं, उसे अपने गाइड को अवष्य दिखाएँ और उनसे अपने कार्य का मूल्यांकन कराएँ। गइड के चुनाव करने के लिए आपको जिन शैक्षिक योग्यताओं और व्यावसायिक अनुभव को ध्यान में रखना है, वे पृष्ठ 12–13 से दी गई हैं।

ङ) प्रोजेक्ट वर्क संबंधी किसी भी स्पष्टीकरण के लिए अपने अध्ययन केंद्र के परामर्षदाता (Counsellor) से संपर्क करें ताकि आप उचित ढंग से अपना कार्य पूरा कर सकें। आपको क्षेत्रीय केंद्र द्वारा DECE-1 और प्रोजेक्ट वर्क के लिए आयोजित परामर्ष सत्र (counselling sessions) में ज़रूर भाग लें।

## परियोजना कार्य की अवधि

जैसा कि प्रोजेक्ट मैनुअल में बताया गया है, प्रोजेक्ट वर्क 30 दिनों का है।

**चरण 1 :** 5 दिन गाइड द्वारा आयोजित की गई कियाओं का अवलोकन का विष्लेशणात्मक रिपोर्ट लिखना

**चरण 2 :** 20 दिन – पहले 10 दिनों के लिए प्रतिदिन एक क्रिया और अगले दस दिनों के लिए प्रतिदिन दो क्रियाओं की योजना बनाना और उन्हें कियान्वित करना – इस तरह कुल 30 क्रियाएँ।

**चरण 3 :** 5 दिन – (क) एक सप्ताह की पाठ्यचर्या की योजना बनाना; (ख) पाँच दिनों के लिए प्रतिदिन 4 क्रियाओं करना और प्रत्येक दिन की रिर्पोट लिखना कि योजना लगाना और उन्हें आयोजित करना; इस तरह कुल 20 क्रियाएँ।

## क्रिया सत्र की योजना, क्रिया सत्र की रिर्पोट तथा विडीयों

चरण 2 और चरण 3 की सभी क्रिया-योजनाएँ एक साथ न लिखें। कुछ योजनाएँ लिखें, उन्हें अपने गाइड को दिखाएँ, क्रियाएँ आयोजित करें और उनकी रिपोर्ट लिखें और फिर अगली क्रिया योजनाएँ लिखें। **बच्चों के साथ प्रतिदिन अपेक्षित संख्या में ही क्रियाएँ आयोजित करें।**

चरण 3 में चूँकि आप प्रतिदिन 4 क्रियाओं की योजना बनाएंगे, अतः 5 दिनों तक प्रतिदिन आपको बच्चे के साथ 4 क्रियाएँ आयोजित करनी होंगी। क्रियाओं के दौरान बच्चे को खाने-पीने, शौचादि के लिए पर्याप्त समय दें।

आपने परियोजना कार्य कितनी गंभीरता और ईमानदारी से किया है यह आपकी क्रिया-योजनाओं और रिपोर्टों में झलक जाएगा और इसी पर निर्भर होगा कि आपको कितने अंक प्राप्त होंगे।

## अत्यंत महत्त्वपूर्णः प्रोजेक्ट वर्क के दौरान किए गए कार्य के विडियो को रिकार्ड करना

जब आप नर्सरी स्कूल में बच्चों के साथ कार्य करें, आपको आपके द्वारा चरण 2 में बच्चों के साथ आयोजित की गई 30 क्रियाओं को और चरण 3 में 20 क्रियाओं को विडियो के रूप में रिकार्ड करना हैं। आपको प्रत्येक क्रिया का कम से कम 5 मिनट का विडियो बनाना है। आप किसी अन्य व्यक्ति को विडियो रिकॉर्ड करने के लिए कहें। **कुल मिलाकर आपको 50 विडियो बनाने है।**

- विडियो बनाने से पहले बच्चों के माता–पिता से/स्कूल की मुख्याध्यापिका/मुख्याध्यापक से बच्चों के साथ की गई क्रियाओं की विडियो बनाने की अनुमति लें।
- इस विडियो में आपका चेहरा बच्चों के साथ क्रियाएँ आयोजित करते हुए साफ दिखाई देना चाहिए।
- विडियो में रिकॉर्ड की गई प्रत्येक क्रिया वहीं होनी चाहिए जो प्रोजेक्ट फाइल में लिखी हैं। आपका चेहरा स्पष्ट दिखाई देना चाहिए और विडियो का अधिकतम फोकस आप पर होना चाहिए – आप क्या कर रहे हैं और कह रह हैं। बच्चों के चेहरों पर विडियो को फोक्स न करें– उनके केवल साइड का चेहरा या उनकी पीठ का फोटो लें। यह बच्चों की गोपनीयता बनाए रखने के लिए आवश्यक है।
- आपको **संलग्नक 1ख** में प्रमाणित भी करना होगा कि आपने अनुमति प्राप्त करने के बाद ही वीडियो बनाए हैं।

- आपको प्रोजेक्ट फाइल के साथ वीडियो अच्छी क्वालिटी की पेन ड्राइव में भेजनें होंगें। ध्यान रहे कि पेन ड्राइव को अलग पैकेट में सावधानी से लपेटकर भेजें ताकि डाक से आने पर वह खराब न हो। पेन ड्राइव वाले पैकेट पर अपना रोल नंबर और नाम लिखें। पेन ड्राइव वाले इस पैकेट को उस मुख्य पैकेट में रखें जिसमे आपकी प्रोजेक्ट फाइल है। पेन ड्राइव और प्रोजेक्ट फाइल को अलग–अलग न भेंजे क्योंकि इग्नू में जमा करते समय यह खो सकती है या खाराब हो सकती है । **पेन ड्राइव वाले पैकेट को अपनी प्रोजेक्ट फाइल के साथ एक मजबूत धागें से बाधें और दोनो एक साथ एक ही पैकेट में होनें चाहिए।**

## गाइड द्वारा प्रोजेक्ट वर्क का पर्यवेक्षण और मूल्यांकन

- गाइड के साथ प्रोजेक्ट मैनुअल और इन अतिरिक्त दिशानिर्देशों को साझा करें। आप प्रोजेक्ट मैनुअल की हार्ड कापी या e-gyankosh का लिंक जहॉ प्रोजेक्ट मैनुअल अपलोड किया गया है गाइड के साथ साझा कर सकते हैं ताकि वह प्रोंजेक्ट कार्य के लिए आपके द्वारा किए जाने वाले कार्य को गाईड समझ सके। गाइड को संबंधित संलग्नक (Annexure) और अंकन योजना (Marks) के बारे में सूचित करें।
- प्रीस्कूल /नर्सरी स्कूल/प्री–प्राइमरी सेक्शन/सुचारु रुप से कार्यरत आंगनबाडी मे बच्चों के साथ परियोजना कार्य के लिए किए गए सभी कार्यों को नियमित आधार पर गाईड को दिखाना होगा तथा उसपर उनकें हस्ताक्षर और चिह्न (Stamp) प्राप्त करना होगा।
- जब आप प्रीस्कूल /नर्सरी स्कूल/प्री–प्राइमरी सेक्शन/सुचारु रुप से कार्यरत आंगनबाडी में बच्चों के साथ काम कर रहें हों तो गाइड को चरण 2 और चरण 3 के वीडियो दिखाना जरुरी नहीं है क्योंकि वह आपको बच्चों के साथ काम करते हुए प्रत्यक्ष देख रही होती है। लेकिन अगर वह वीडियो देखना चाहती है तो आपकों उसे वे वीडियों दिखानें होंगें।

## गाइड कौन हो सकता है।

जब आप बच्चों के साथ शालापूर्व केंद/नर्सरी स्कूल/प्री–प्राइमरी सेक्शन में प्रोजेक्ट वर्क कर रहे हैं, तो उन बच्चों की क्लास टीचर जो उस कक्षा में बच्चों के साथ कार्यरत है, वह गइड होगी। यदि आंगनबाडी मे कर रहें हैं तो आंगनबाडी कार्यकर्ता आपकी गाईड होगी।

गाइड के पास निम्नलिखित उचित शैक्षिक योग्यता और कार्य अनुभव दोनों ही होना अनिवार्य है।

क) **शैक्षिक योग्यताएँ** : जिस शालापूर्व अध्यापक/अध्यापिका के पास निम्नलिखित शैक्षिक योग्यताएँ हैं, वह प्रोजेक्ट वर्क के लिए गाइड हो सकता/सकती है।

- गृह विज्ञान विषय के अंतर्गत M.A./M.Sc./B.A./B.Sc. डिग्री
- नर्सरी टीचर ट्रेनिंग में डिप्लोमा/शालापूर्व शिक्षा में डिप्लोमा/प्रारंम्भिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा में डिपलोमा अथवा पी. जी. डिप्लोमा
- एलीमेंट्री एडूकेषन में डिप्लोमा/एलीमेंट्री टीचर ट्रेनिंग में डिप्लोमा/जूनियर बेसिक ट्रेनिंग/बेसिक टीचर कोर्स।
- बी.एड् डिग्री तथा जिसने शालापूर्व षिक्षा के क्षेत्र में एक या एक से अधिक सेमिनार/वर्कशॉप/प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया हो।
- आंगनबाडी कार्यकर्ता जिसे खेल आधारित शालापूर्व शिक्षा प्रदान करने के संबंध में प्रशिक्षण (Training) प्राप्त हों।

ख) **व्यावसायिक अनुभव**

गाइड वह व्यक्ति ही बन सकती/सकता है जो वर्तमान में शालापूर्व केन्द्र में कार्यरत हों और जिनके पास शालापूर्व उम्र के बच्चों के साथ कार्य करने का कम से कम एक साल का अनुभव हो। जितना ज्यादा बच्चों के साथ अनुभव गाइड को होगा, उतना बेहतर वह आपका मार्गदर्षन कर सकेगी/सकेगा।

यह आवश्यक है कि आप प्रोजेक्ट वर्क शुरू करने से पहले ही गाइड की शौक्षिक योग्यता और व्यावसयिक अनुभव पता लगा लें क्योंकि गाइड की योग्यता और अनुभव का प्रमाण आपको सलग्नक 7 क के रूप में प्रोजेक्ट फाइल में लगाना होगा।

## संलग्नक

- परियोजना मैनुअल में दिए गए अनुलग्नक 1ए और 1बी को संलग्न करने के बजाय आपको इस दस्तावेज (प्रष्ठ 16 और 17) में दिए गए संशोधित अनुलग्नक 1ए और 1 बी को परियोजना फाइल में संलग्न करना होगा।
- अनुलग्नक 2, 3 ए , 3 बी, 4, 5 और 6 परियोजना नियमावली के अनुसार ही रहेंगें। अनुलग्नक 6 वैकल्पिक (Optional) हैं। यदि आप अनुलग्नक 6 पर क्षेत्रीय केंन्द्र से हस्ताक्षर नही करवा सकते तो आप अध्ययन केंन्द्र समन्वयक या अध्ययन केंन्द परामर्शदाता से हस्ताक्षर करवा सकतें

हैं। यदि यह भी संभव न हो तो अनुलग्नक 6 को खाली छोड़ दें।

- प्रोजेक्ट फाइल के साथ एक नया अनुलग्नक 7क (गाइड की शैक्षिक योग्यता और कार्य अनुभव का विवरण) संलग्न करना होंगा। यह इस दस्तावेज के पृष्ठ 18 पर दिया गया है।

उपर्युक्त अनुलग्नकों को संलग्न करना अनिवार्य है। संबंधित अनुलग्नकों के बिना प्रस्तुत की गई परियोजना फाइल इग्नू द्वारा स्वीकार नही की जाएगी और उसे वापस कर दिया जाएगा।

## मूल्यांकन

- गाइड द्वारा दिए गए अंको का 30% वेटेज होगा तथा इग्नू विशेषज्ञ द्वारा दिए गए अंको का 70% वेटेज होगा।
- इसके आलावा इग्नू विशेषज्ञ को गाइड द्वारा आपको दिए गए अंको को मॉडरेट करने का अधिकार है।

## प्रोजेक्ट फाइल को जमा कराना

- प्रोजेक्ट फाइल को हार्ड कॉपी के रुप में इग्नू के छात्र मूल्यांकन प्रभाग को भेजना होगा। पेनड्राइव को प्रोजेक्ट फाइल के साथ ही भेजना होगा।

**DECE PROJECT File**
**Room 19, Blcok 3,**
**Project Cell**
**Student Evaluation Division**
**IGNOU**
**Maidan Garhi**
**New Delhi -110068**

- जनवरी 2025 में प्रवेश प्राप्त किए विद्यार्थियों के लिए प्रोजेक्ट फाइल जमा करने की अंतिम तिथि 15 दिसंम्बर 2025 है और जूलाई 2025 में प्रवेश के लिए 15 मई 2026 है।
- अगर आप उपर बताई गई तारीखों तक फाइल जमा नही कर पाते हैं, तो चिंता न करें । इग्नू आपको डी ई सी ई पूरा करने के लिए तीन साल का समय देता है। इसलिए अगर आप उपर बताई गई समय–सीमा में प्रोजेक्ट वर्क पूरा नही कर पाते है, तो आप अपने पंजीकरण की तारीख

से तीन साल की अवधि के भीतर कभी भी प्रोजेक्ट वर्क पूरा कर सकते हैं। हालाँकि बेहतर होगा कि आप सब कुछ जल्द से जल्द पूरा कर लें।

कृपया ध्यान दें :

कई शालापूर्व विद्यालयों में ऑनलाइन तरीकों का प्रयोग कर शिक्षा प्रदान की जा रही हैं। परंतु इग्नू प्रोजेक्ट वर्क के लिए शालापूर्व बच्चों के साथ ऑनलाइन कक्षा लेना स्वीकार *नहीं किया* जाएगा। ऐसा इसलिए क्योंकि DECE कार्यक्रम में आपको छोटे बच्चों के साथ ऑनलाइन माध्यम से कार्य करने की विधि से परिचित नहीं कराया गया है।

**बाज़ार से प्रोजेक्ट वर्क न खरीदें। न ही वेबसाइड से कॉपी करें, और न ही किसी अन्य विद्यार्थी की प्रोजेक्ट फाइल की नकल करें। ऐसे मामलों में मूल्यांकन 'फेल' या 'कापी केस' दर्शाएगा और प्रोजेक्ट फाइल आपको लौटा दी जाएगी।**

**केवल आपके स्वयं द्वारा किया गया मौलिक प्रोजेक्ट वर्क का ही मूल्यांकन किया जाएगा।**

संशोधित संलग्नक 1क

(प्रोजेक्ट मैनुअल में दिए गए संलग्नक 1क की बजाए इसको भरें)

मौलिक व विधिवत् पूर्ण **(Original and duly completed)** प्रोजेक्ट वर्क के लिए प्रमाण-पत्र

**नर्सरी स्कूल की मुख्याध्यापिका / मुख्याअध्यापक / प्रभारी / आंगनबाडी कार्यकर्ता द्वारा सत्यापित**

मैं प्रमाणित करती / करता हूँ कि श्री / श्रीमती / सुश्री .................................................. (नामांकन संख्या ....................) ने नियत अवधि के लिए ............... दिन (कुल अवधि) .................................................. के मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण में (गाइड का नाम) .................................................. स्कूल में (नर्सरी स्कूल का पूरा नाम व पता) .................................. दिनॉक से (परियोजना कार्य शुरू करने की तिथि) .............................. दिनॉक तक (परियोजना कार्य पूर्ण होने की तिथि) परियोजना कार्य किया है। गाइड द्वारा बताए गए निम्नलिखित ब्यौरे सही हैं।

दिनांक :

स्थान :

नर्सरी स्कूल / षालापूर्व केंद्र की मुख्याध्यपक / मुख्याध्यापिका / प्रभारी के हस्ताक्षर व नाम ..................................................

स्कूल की स्टैम्प..................................................

**गाइड द्वारा प्रमाणित, जो नर्सरी स्कूल में विद्यार्थी के कार्य का मार्गदर्षन और पर्यवेक्षण कर रही हैं**

मैं प्रमाणित करती / करता हूँ कि सुश्री / श्रीमती / श्री .................................................., नामांकन संख्या ............... ............... ने मेरे मार्गदर्षन और पर्यवेक्षण में परियोजना कार्य के दौरान निम्नलिखित कार्य पूरे किए।

विद्यार्थी ने :

1. चरण 1 में मेरे द्वारा बच्चों के साथ किए गए पॉच दिनों के कार्य का अवलोकन और विष्लेषण किया;
2. चरण 2 में 30 क्रियाओं की योजना बनाकर उन्हें आयोजित किया जिनका मैंने अवलोकन और मूल्यांकन किया;
3. चरण 3 में पॉच दिनों के लिए पाठ्यचर्या की योजना बनाई और चरण 3 में न्यूनतम 15 और अधिकतम 20 क्रिया सत्र आयोजित किए, जिनका मैंने अवलोकन और मूल्यांकन किया;
4. चरण 2 में 30 क्रिया-सत्रों और चरण 3 में न्यूनतम 15 और अधिकतम 20 क्रिया-सत्रों की रिपोर्ट लिखी,
5. विद्यार्थी ने चरण 2 और 3 में बच्चे के साथ आयोजित प्रत्येक सत्र की वीडियो रिकॉर्ड करी,
6. विद्यार्थी ने मुझे सूचित किया कि वीडियो रिकॉर्ड करने की अनुमति बच्चों के परिवारों / नर्सरी स्कूल की मुख्याध्यापिका / मुख्याध्यापक से ले ली थी और वह किसी भी अन्य प्रयोजन के लिए वीडियो का इस्तेमाल नहीं करेगी / करेगा),
7. पूरे कार्य के अनुमोदन व मूल्यांकन के लिए विद्यार्थी पूरा कार्य नियमित रूप से मुझे दिखाती रही / रहा।

मैं प्रमाणित करती / करता हूँ विद्यार्थी का काम उसका अपना मौलिक कार्य है और मेरे पर्यवेक्षण में किया गया है। मैंने प्रोजेक्ट वर्क का मूल्यांकन किया है और संलग्नक 3क में विद्यार्थी को अंक दिए हैं। विद्यार्थी का काम किसी भी स्रोत, इंटरनेट या अन्य विद्यार्थी की नकल नहीं है। मैं जानती(ता) हूँ कि इग्नू टेलीफोन या ई-मेल के माध्यम से विद्यार्थी के प्रोजेक्ट वर्क की मौलिकता या प्रमाणिकता की मेरे से पुष्टि कर सकता है।

दिनांक :

स्थान :

गाइड का हस्ताक्षर व नाम ..................................................

गाइड का फोन न. ..................................................

गाइड का ई-मेल आईडी..................................................

नर्सरी स्कूल / शालापूर्व केंद्र की मुख्याध्यपक / मुख्याध्यापिका / प्रभारी के हस्ताक्षर व नाम ..................................................

स्कूल की स्टैम्प..................................................

संशोधित संलग्नक 1ख

(प्रोजेक्ट वर्क के लिए प्रोजेक्ट मैनुअल में दिए गए संलग्नक 1ख की बजाए इसको भरें)

**विद्यार्थी द्वारा मौलिक और विधिवत् पूर्ण (Original and duly completed) प्रोजेक्ट वर्क का प्रमाण-पत्र**

मैं प्रमाणित करती/करता हूँ कि मैंने ........................................................................................ (अपना नाम), नामांकन संख्या ................................ सुश्री/श्रीमती/श्री ............................................................................ (गाइड का नाम) के मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण में ............................................................... स्कूल में (नर्सरी स्कूल का नाम व पता) नियत अवधि ............... में (कुल दिन) ............... दिनॉक (परियोजना कार्य शुरू करने की तिथि) से ............... दिनॉक (परियोजना कार्य पूर्ण होने की तिथि) में पूरा किया है।

मैंने प्रोजेक्ट वर्क के लिए निम्नलिखित कार्य पूरे किए–

1. पहले चरण में मैंने गाइड द्वारा बच्चों के साथ किए गए 5 दिनों का विष्लेषण किया है।
2. दूसरे चरण में मैंने 30 क्रिया सत्रों की योजना बनाकर उन्हें आयोजित किया।
3. तीसरे चरण में मैंने पाँच दिनों के लिए पाठ्यचर्या की योजना बनायी और न्यूनतम 15 और अधिकतम 20 क्रिया सत्रों की योजना बनाकर उन्हें आयोजित किया।
4. मैंने बच्चों के साथ चरण 2 में आयोजित किए गए 30 क्रिया-सत्रों की रिपोर्टे लिखीं और चरण 3 में बच्चों के साथ आयोजित न्यूनतम 15 और अधिकतम 20 क्रिया सत्रों की रिपोर्ट लिखीं।
5. अपने परियोजना कार्य के अनुमोदन और मूल्यांकन के लिए मैंने नियमित रूप से गाइड को अपना पूरा काम दिखाया है।
6. मैंने चरण 2 और 3 में मेरे द्वारा आयोजित प्रत्येक क्रिया सत्र की 5 मिनटों की रिकॉर्डिंग करी है। बच्चों के परिवारों से/स्कूल की मुख्याध्यापिका/मुख्याध्यापक से मैंने वीडियो रिकॉर्ड करने की अनुमति प्राप्त की। इन वीडियो को मैं किसी भी अन्य प्रयोजन के लिए इस्तेमाल नहीं करूँगी/करूँगा।

7क. मैंने विडियो रिकार्डिंग को यू-ट्यूब पर अपलोड किया है और प्रोजेक्ट फाइल को जमा कराने के पोर्टल पर इसका लिंक भी दिया है।

अथवा

7ख. मैंने प्रोजेक्ट फाइल पोर्टल पर अपलोड नहीं करी है। मैंने प्रोजेक्ट फाइल की हार्ड कॉपी सबमिट करी है। यू-ट्यूब का लिंक जहाँ मैंने विडियो अपलोड किए हैं, वह प्रोजेक्ट फाइल के पहले पृष्ठ पर लिखा है *(7क और 7ख में से जो विकल्प आपके लिए मान्य हो उस पर निषान लगाएं)*।

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ मेरा यह प्रोजेक्ट वर्क मौलिक है जिसे मैंने स्वयं बनाया है। मैंने प्रोजेक्ट वर्क किसी अन्य स्रोत, इंटरनेट या किसी विद्यार्थी के काम की नकल करके नहीं बनाया है। संलग्नक 3क में दिए गए प्रोजेक्ट वर्क के अंक मेरे गाइड ने ही दिए हैं। मैं समझता/समझती हूँ कि यदि मेरे कार्य को किसी की नकल पाया गया तो विष्वविद्यालय द्वारा मेरे साथ समुचित कार्यवाही की जाएगी।

विद्यार्थी का नाम ....................................

तिथि :

विद्यार्थी के हस्ताक्षर ............................................

स्थान :

संलग्नक 7

**गाइड की शैक्षिक योग्यताएँ और व्यावसायिक अनुभव से संबंधित ब्यौरे**

पृष्ठ 12 पर दिए गए मानदंडों को ध्यान में रखते हुए गाइड की शैक्षिक योग्यताएँ और व्यावसायिक अनुभव से संबंधित निम्नलिखित ब्यौरे गाइड द्वारा भरें जाएंगे। गाइड इसे प्रमाणित (certify) करें और फिर नर्सरी स्कूल की मुख्याध्यापिका/मुख्याध्यापक/प्रभारी/अध्ययन केंद्र के कोआरडिनेटर द्वारा भी सत्यापित (verify) कराएं।

विद्यार्थी यह फारमेट गाइड को दिखाएँ और प्रोजेक्ट फाइल में भरे गए इस संलग्नक को लगाएँ।

गाइड का नाम ..........................................................................

गाइड की शैक्षिक योग्यताएँ ..........................................................................

**इस संलग्नक के साथ शैक्षणिक योग्यताओं की फोटो कॉपी लगाएँ*

शालापूर्व बच्चों को पढ़ाने का अनुभव (वर्षों की संख्या), ..................................................

शालापूर्व षिक्षा संबंधी प्रषिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने की अवधि, यदि भाग लिया है तो ............................

यह प्रमाणित किया जाता है कि मेरे द्वारा दी गई सारी जानकारी सही है।

तिथि :

स्थान :

नर्सरी स्कूल में कार्यरत गाइड का नाम व हस्ताक्षर ...................

गाइड का फोन नं. तथा ई-मेल ................................................

अध्ययन केंद्र के को-ऑरडिनेटर/नर्सरी स्कूल के मुख्याध्यापक (मुख्याध्यापिका)/प्रभारी के हस्ताक्षर व नाम ...............................

अध्ययन केंद्र के कोऑरडिनेटर/नर्सरी स्कूल की मुख्याध्यापिक या मुख्याध्यापक या प्रभारी की स्टैम्प ..............................